Downloaded from www.studiestoday.com

# पाठ -1

# यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

***याद रखने योग्य बाते :-***

1 ज्यूसेपे मेत्सिनी :- वह इटली के एक प्रसिद्ध क्रान्तिकारी ये तथा इनका जन्म 1807 ई॰ के जेनेवा में हुआ? वह राजतन्त्र का घोर विरोधी था।

2. नेपोलियन की संहिता – इसे 1804 में लागू किया गया। इसने जन्म पर आधारित विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया इसनें न केवल न्याय के समक्ष समानता स्थापित की बल्कि सम्पत्ति के अधिकार को भी सुरक्षित किया।

3. 18 वीं सदी में कई देश जैसे जर्मनी, इटली तथा स्विटजरलैण्ड आदि उस रूप में नहीं थे जैसा कि आज हम इन्हें देखते है ये छोटे–छोटे राज्यों में विभाजित थे जिनका अपना स्वतन्त्र शासक था।

4. 1789 ई॰ की फ्रांसीसी क्रान्ति से पहले फ्रांस एक ऐसा राज्य था जिनके सम्पूर्ण भू भाग पर एक निरकुंश राजा का शासन था।

5. कुलीन वर्ग – ये जमीन के मालिक तथा यूरोपीय महाद्वीप का सबसे प्रभावशाली वर्ग था।

6. इंग्लैण्ड में औद्योगिकरण का आरम्भ 18 वीं सदी के दूसरे भाग में हुआ लेकिन फ्रांस और जर्मनी के राज्यों के कुछ भागों में यह 19वीं शताब्दी के दौरान ही हुआ।

7. जनमत संग्रह – एक प्रत्यक्ष मतदान जिसके द्वारा एक क्षेत्र की सारी जनता से किसी प्रस्ताव को स्वीकार तथा अस्वीकार करने के लिये पूछा जाता है।

8. उदारवाद – उदारवाद यानि Libreralism शब्द लाटिनी भाषा के मूल Liber पर आधारित है जिसका अर्थ है 'आजाद' नये मध्य वर्ग के लिये उदारवाद का अभिप्राय था व्यक्ति के लिये आजादी और कानून के समक्ष समानता। राजनीतिक रूप में उदारवाद एक ऐसी सरकार पर जोर देता था जो आपसी सहमति से बनी हो।

9. निरंकुश शासक – जिस शासक पर किसी का अंकुश ना हो।

10. क्रान्तिकारी फ्रांस उदारवादी प्रजातन्त्र का पहला राजनैतिक प्रयोग था और वहाँ वोट देने और

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

चुने जाने का अधिकार केवल उन्हीं पुरूषों को था जिनके पास सम्पत्ति थी। सम्पत्ति विहिन पुरूष और सभी औरतो को राजनैतिक अधिकारों से वंचित रखा गया केवल थोड़े समय के लिये जैकोबिन शासक के समय सभी व्यस्क पुरूषों को मताधिकार प्राप्त था मगर नेपोलियन की संहिता पुनः सीमित मताधिकार वापिस लाई और उसमें महिलाओं को अव्यस्क दर्जा देते हुये उन्हें पिताओं और पतियों के अधीन कर दिया।

(11) रूढ़िवाद – एक ऐसा राजनैतिक दर्शन जो तेज बदलाओं की बजाय कृमिक और धीरे-धीरे विकास को प्राथमिकता देता है।

(12) 1815 में ब्रिटेन, प्रशा रूस और आस्ट्रिया जैसी यूरोपीय शक्तियों जिन्होने मिलकर नेपोलियन को हराया था के प्रतिनिधि यूरोप के लिये एक समझौता तैयार करने के लिए वियना में इकट्ठा हुये इसकी अध्यक्षता आस्ट्रिया के चांसलर डयूक मैटरनिख ने की।

(13) वर्साय में हुये एक समारोह से प्रशा के राजा विलियम प्रथम को जनवरी 1871 में जर्मनी का सम्राट घोषित कर दिया।

(14) 1861 में इमेनुएल द्वितीय को एकीकृत इटली का राजा घोषित किया गया।

(15) राष्ट्रवादी संघर्षो में महिलाओं की भूमिका – राष्ट्रवादी आन्दोलन में सभी यूरोपीय राज्यों जैसे फ्रांस, जर्मनी, इटली की औरतों ने सक्रिय योगदान दिया। महिलाओं ने अपने समाचार-पत्र शुरू किये, अनेक स्वतन्त्र राजनैतिक संगठन बनाये और प्रर्दशनों में भाग लिया। इतना होने के बाद भी उन्हें असेम्बली के चुनावों में मत दने का अधिकार नही था।

**(3) बहुवैकल्पिक प्रश्न**

(1) नैपोलियन ने इटली पर आक्रमण कब किया?

(अ) 1821 (ब) 1905 (स) 1797 (द) 1795

(2) 19वीं सदी में ऐसी कौन सी ताकत उभरी जिसने यूरोप की राजनैतिक और भौतिक दुनिया में भारी परिर्वतन किये?

(अ) राष्ट्र राज्य का उदय (ब) निरंकुश राज्य का उदय

(स) पूर्ण तानाशाही (द) पूर्ण राजशाही

(3) निम्न में से कौन सा लक्षण नेपोलियन की संहिता का लक्षण नही था?

(अ) जन्म पर आधारित सुविधाओं का ना होना।

(ब) सम्पत्ति का अधिकार

(स) सब के लिये व्यस्क मताधिकार

(द) कानून के समक्ष समानता

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(4) वियना कांग्रेस किस वर्ष में आयोजित की गई?

(अ) 1815 (ब) 1816 (स) 1817 (द) 1818

(5) निम्न में कौन 1815 की वियना सन्धि से सम्बन्धित है?

(अ) विस्मार्क (ब) डयूक मैटरनिख (स) डयूसेपी मेत्सिनी (द) नेपोलियन

(6) नैपोलियन युद्धो के दौरान हुये बदलावों को खत्म करना किस सन्धि का उद्देश्य था?

(अ) वर्साय सन्धि (ब) वियना सन्धि (स) म्यूनिख समझौता (द) उपरोक्त सभी

(7) किसने कहा था कि जब फ्रांस छींकता है तो बाकि यूरोप को सर्दी जुकाम हो जाता है?

(अ) लुई फिलिप (ब) बिस्मार्क (स) विक्टर इमेन्युअल (द) मैटरनिख

(8) किस संधि ने यूनान को एक स्वतन्त्र देश के रूप में मान्यता दी?

(अ) 1815 की वियना संधि (ब) कांटेन्टीनोपाल संधि

(स) सार्डिनिया - पीडमाण्ड की संधि (द) उपरोक्त में से कोई नही

(9) आयरलैन्ड में प्रोटेस्टेन्ट के विरूद्ध आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया?

(अ) गैरीबाल्डी (ब) वोल्टफटोन (स) मेत्सिनी (द) कावूर

(10) आखों पर पट्टी बांधे हुई और तराजू लिये हुये महिला किस बात का प्रतीक है?

(अ) शान्ति (ब) समानता (स) न्याय (द) स्वतन्त्रता

**(स) लघु/दीर्घ प्रश्न :-**

(1) फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों ने फ्रांसीसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना किस प्रकार पैदा की

(2) नेपोलियन द्वारा लागू किये गये प्रसासनिक सुधारो के विषय में बताइये?

(3) 1804 की नागरिक संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करो?

(4) यूरोप के कुलीन वर्ग की विशेषतायें बताओ?

(5) यूरोप में उदारवादियों द्वारा समर्पित राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक आदर्श क्या थे?

(6) 1815 की वियना संधि में उद्देशय बताइये?

(7) औद्योगिकरण की वृद्धि ने किस प्रकार यूरोप के सामाजिक और राजनैतिक समीकरण बदल दिये?

(8) 1815-1914 के दौरान अर्न्तराष्ट्रीय आर्थिक विनियम केन्द्रों के साथ तीन प्रकार के प्रवाहों को बताइये?

(9) यूरोप के राष्ट्रवादी संघर्षों में महिलाओं की भूमिका क्या थी?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(10) 19 वीं सदी में यूरोप में राष्ट्रवाद की लहर के कारण?

**(ब) बहुवैकल्पि प्रश्नों के उत्तर :-**

(1) (स) 1797

(2) (अ) राष्ट्र राज्य का उदय

(3) (स) सब के लिये व्यस्क मताधिकार

(4) (अ) 1815

(5) (ब) डयूक मैटरनिख

(6) (ब) वियना संधि

(7) (द) मैटरलिख

(8) (ब) कांस्टेन्टीनोपल संधि

(9) (ब) वोल्टफटोन

(10) (स) न्याय

**(स) लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर :-**

उत्तर (1)

(1) पितृभक्ति और नागरिक के विचार

(2) नये राष्ट्रीय चिन्ह

(3) केन्द्रियकृत प्रशासनिक व्यवस्था

(4) राष्ट्रीय भाषा

(5) एक समान भार व मान की व्यवस्था

उत्तर (2)

(1) नेपोलियन की संहिता

(2) ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार

(3) शहरी क्षेत्रों में सुधार

(4) व्यापार में सुधार

उत्तर (3)

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(1) जन्म पर आधारित सुविधाओं की समाप्ति

(2) सम्पत्ति के अधिकार की बहाली

(3) जमीदारी व सामंती व्यवस्था की समाप्ति

(4) यातायात तथा संचार व्यवस्था में सुधार

उत्तर (4)

(1) जीवन जीने की समान शैली

(2) भू-स्वामित्व

(3) कुटनीतिक भाषा

(4) आपस में वैवाहिक सम्बन्ध

उत्तर (5)

(1) कानून के समक्ष समानता

(2) व्यस्क मताधिकार के पक्ष में नहीं

(3) वे बाजार की स्वतन्त्रता तथा राज्य द्वारा वस्तुओं एवं पूंजी के प्रवाह पर लगे प्रतिबन्ध को समाप्त करने के पक्षधर

उत्तर (6)

(1) उत्तर में नीदरलैंड साम्राज्य की स्थापना

(2) दक्षिण में जेनेवा को पिडमाण्ड के साथ मिला दिया

(3) प्रशा को पश्चिम में नये क्षेत्र दिये गये।

(4) पूर्व में रूस को पोलेंड का एक हिस्सा दे दिया गया।

उत्तर (7)

(1) पश्चिमी और मध्य यूरोप के हिस्सों में औद्योगिक उत्पादन और व्यापार में वृद्धि से शहरों का विकास और वाणिज्यिक वर्गो का उदय हुआ।

(2) श्रमिक और मध्य वर्ग का उदय

(3) कुलीन विशेषाधिकारों की समाप्ति के विचारो की लोकप्रियता

उत्तर (8)

(1) वस्तुओं का प्रवाह

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(2) पूँजी का प्रवाह

(3) लोगों का प्रवाह

उत्तर (9)

(1) स्वयं की राजनैतिक संगठने बनाई

(2) समाचार पत्रों का प्रकाशन

(3) मताधिकार की प्राप्ति नहीं

(4) राजनैतिक बैठकों तथा प्रदर्शनों में हिस्सा

उत्तर (10)

(1) जनता पर अत्याचार

(2) निरंकुश शासन व्यवस्था

(3) उदारवादी विचारों का प्रसार

(4) स्वतन्त्रता, समानता तथा बंधुत्व का नारा

(5) शिक्षित मध्य वर्ग की भूमिका

www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com